# भारतीय जनता पार्टी

(केन्द्रीय कार्यालय)
6ए, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली

1 फरवरी 2025, शनिवार

**केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह द्वारा दिल्ली की मुस्तफाबाद एवं करावल नगर की जनसभाओं में दिए गए उद्बोधन के मुख्य बिन्दु**

**जनता को तय करना है कि उन्हें दिल्ली को दंगों में झोंकने वाली आप-दा चाहिए या दंगों से बचाने वाली भाजपा**

*********************

**अरविंद केजरीवाल के झूठ की आयु समाप्त हो गई है और 8 फरवरी को दिल्ली की जनता आप-दा को झाड़ू लगाकर बाहर फेंकने वाली है**

*********************

**दिल्ली को शराब माफियाओं, घोटालेबाजों और कट्टर बेईमानों से मुक्त करने का समय आ गया है**

*********************

**दिल्ली में घोटाले, घुसपैठियों को पनाह देने वाली और घपले करने वाली 'आप-दा' की 3G की सरकार है**

*********************

**भाजपा सरकार घुसपैठियों को चुन-चुन कर बाहर करने का काम करेगी**

*********************

**दिल्ली दंगे के समय अरविंद केजरीवाल दंगे करने वालों के साथ खड़े थे**

*********************

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने शनिवार को दिल्ली के मुस्तफाबाद और करावल नगर विधानसभा में जनसभा को संबोधित करते हुए आम आदमी पार्टी के कार्यकाल में दिल्ली में हुए घोटालों की जमकर आलोचना की। साथ ही श्री शाह ने दिल्ली के रोहतास में आयोजित रोड शो में हिस्सा लिया। श्री शाह ने कहा कि **अब दिल्ली को इस आप-दा से मुक्त कराने का समय या गया है, घोटालेबाजों की दुकानें बंद करने और कट्टर बेईमानों को उखाड़ कर फेंकने का समय आ गया है।** कार्यक्रमों के दौरान लोकसभा सांसद श्री अनुराग ठाकुर, लोकसभा सांसद श्री मनोज तिवारी, मुस्तफाबाद से प्रत्याशी श्री मोहन सिंह बिष्ट, करावल नगर से प्रत्याशी श्री कपिल मिश्रा सहित पार्टी के अन्य नेतागण उपस्थित रहे।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि मुस्तफाबाद की जनता ने यदि 5 फरवरी को जरा भी आलस किया तो वो लोग चुनकर सरकार में आ जाएंगे जो दिल्ली दंगों के लिए जिम्मेदार हैं। **दिल्ली की जनता को यह सोचकर वोट करना है कि उन्हें दिल्ली को दंगों में झोंकने वाला चाहिए या दिल्ली को दंगों से बचाने वाला चाहिए**। आम आदमी पार्टी की सरकार ने दिल्ली में 10 वर्षों तक सरकार चलाई लेकिन **अब दिल्ली को आप-दा से मुक्त कराने का समय आ गया है। घोटालेबाजों की दुकानें बंद करने और कट्टर बईमानों को उखाड़ कर फेंक देने का समय आ गया है**। दिल्ली की जनता को 5 फरवरी को कमल का बटन ऐसे दबाना है कि शीशमहल के शीशे टूट जाएं। 8 फरवरी को दिल्ली की जनता आम आदमी पार्टी को झाड़ू लगाकार बाहर फेंकने वाली है। **आम आदमी पार्टी को पता है कि वो चुनाव हार रही है, इसीलिए इनके सबसे बड़े नेता मनीष सिसोदिया ने डर कर सीट बदल ली**, 62 में से उन्होंने अपने 26 विधायकों को टिकट ही नहीं दिए।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि आप को भी पता है कि **दिल्ली में 3-G की सरकार चल रही है। पहले G का अर्थ है घोटाले वाली सरकार**, **दूसरे G का मतलब है घुसपैठियों को पनाह देने वाली सरकार** और **तीसरे G का अर्थ है घपले करने वाली सरकार**। दिल्ली में 8 फरवरी को भाजपा सरकार बनने के बाद सारे रोहिंग्या और बांग्लादेशियों को चुन-चुन कर बाहर निकाला जाएगा। दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार वादाखिलाफी की सरकार है। **केजरीवाल ने कहा था कि वो रिहायशी इलाकों से शराब की दुकानें बंद कराएंगे, लेकिन दुकानें बंद कराना तो दूर, उन्होंने शराब का घोटाला भी किया और मंदिर, गुरुद्वारों व स्कूलों के आसपास शराब के ठेके खोल दिए।** अरविंद केजरीवाल ने हजारों-करोड़ का घोटाला किया और शराब का पैसा खाया। **देश के इतिहास में कभी नहीं हुआ कि किसी राज्य का शिक्षा मंत्री शराब घोटाले में जेल गया हो**, **लेकिन दिल्ली में ऐसा हुआ और मनीष सिसोदिया व अरविंद केजरीवाल दोनों जेल जा चुके हैं**। अरविंद केजरीवाल ने कहा था कि वे यमुना का जल स्वच्छ करेंगे, छठ मनाने वाले श्रद्धालु आसानी से छठ मना सकें और खुद भी यमुना में डुबकी लगाने की बात कही थी। लेकिन **न तो उन्होंने डुबकी लगाई और न ही छठ मनाने वालों के लिए घाट तैयार हुए**। केजरीवाल ने तो डुबकी नहीं लगाई, लेकिन भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनके कटआउट को यमुना में डुबकी लगवा दी, और अगले दिन केजरीवाल का कटआउट तक एम्स के आईसीयू वार्ड में भर्ती हो गया। **केजरीवाल बहाने बना रहे हैं कि हरियाणा ने यमुना में जहर मिलाया है, लेकिन सच्चाई यह है कि आम आदमी पार्टी की सरकार द्वारा फैलाए गए प्रदूषण के कारण यमुना जहरीली हो गई है**।

श्री शाह ने कहा कि अरविंद केजरीवाल ने कहा था कि **अस्पतालों में बेड डबल करेंगे, लेकिन कुछ भी नहीं किया।** देशभर में आदरणीय मोदी जी द्वारा 5 लाख तक की मुफ्त स्वास्थ्य सुविधा दी जा रही है, लेकिन केजरीवाल ने दिल्ली को इस योजना से वंचित रखा। **दिल्ली में भाजपा सरकार बनने के बाद 5 लाख के अलावा अन्य 5 लाख, यानी 10 लाख रुपए तक की मुफ्त स्वास्थ्य योजनाएं दिल्ली की जनता के लिए लागू की जाएगी।** श्री शाह ने कहा कि **भाजपा दिल्ली को प्रदूषण मुक्त बनाएगी और 3 साल के अंदर ही दिल्ली को पानी के टैंकर से मुक्ति दिलाएगी**। केजरीवाल ने तो स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी का वादा भी नहीं निभाया, लेकिन भाजपा दिल्ली में स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी बनाएगी। **दिल्ली में किसी भी आम आदमी का घर 50 हजार गज में नहीं है**। दिल्ली के **किसी घर में डिजाइनर मार्बल**, **रिमोट से खुलने वाले पर्दे, 17 लाख रुपए के ताली की आवाज से खुलने वाले दरवाजे**, 16 स्मार्ट टीवी, 50 लाख की कालीन, 15 करोड़ का वॉटर प्यूरिफाइंग सिस्टम और **10 लाख रुपए का रिक्लाइनर सोफा नहीं होगा**, लेकिन अरविंद केजरीवाल के घर में ये सारी सुविधाएं हैं। **केजरीवाल ने 4 बंगले तोड़कर खुद के लिए 50 हजार गज का शीश महल बनवाया, जिसमें ये सारी सुख-सुविधाएं उपलब्ध हैं।** अरविंद केजरीवाल ने खुद के लिए 51 करोड़ रुपए का शीशमहल बनवाया, यह सारा पैसा दिल्ली के आम आदमी का है।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि **अरविंद केजरीवाल भोले बनकर कहते थे कि गाड़ी नहीं लेंगे, बंगला नहीं लेंगे, सुरक्षा नहीं लेंगे**। **गाड़ी और सुरक्षा तक तो ठीक था, लेकिन खुद के लिए 51 करोड़ रुपए का शीशमहल भी बनवा लिया**। केजरीवाल ने खुद के लिए **शीशमहल तो बनाया ही**, लेकिन इसके अलावा **हजारों-करोड़ों रुपए के घोटाले भी किए**, जिसमें शराब घोटाला, 28 हजार करोड़ रुपए का जल बोर्ड घोटाला, 5400 करोड़ रुपए का राशन वितरण घोटाला, 4500 करोड़ रुपए का डीटीसी बस घोटाला, 1300 करोड़ रुपए का क्लासरूम घोटाला, 500 करोड़ रुपए का बस के पैनिक बटन घोटाला, 571 करोड़ रुपए का सीसीटीवी घोटाला, 51 करोड़ रुपए का शीशमहल घोटाला और मोहल्ला क्लिनिक में 61 हजार फर्जी टेस्ट का घोटाला शामिल है। **यह आम आदमी पार्टी की सरकार घोटालों की सरकार है। पूर्वांचली भाइयों को यह जानकर अत्यधिक हर्ष होगा कि इस बार के बजट में आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने हजारों करोड़ रुपये की परियोजनाओं और योजनाओं से बिहार, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड की जनता को लाभ पहुंचाया है।** मध्यम वर्ग का भी ख्याल रखा गया है, जिसमें 12 लाख रुपये तक की आय को आयकर से छूट दी गई है। **श्रम पोर्टल के माध्यम से गिग वर्कर्स की चिकित्सा आवश्यकताओं का भी ध्यान रखा गया है।**

श्री शाह ने कहा कि आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने कहा था इस देश से आतंकवाद को समाप्त कर देंगे। जब 2015 में पाकिस्तान ने उरी और पुलवामा ने हमला करने की गलती की, तो 10 ही दिनों के भीतर भारतीय सेना ने पाकिस्तान के घर में घुसकर सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक करके आतंकवादियों का सफाया कर दिया। **31 मार्च 2026 तक इस देश को नक्सलवाद से पूर्ण रूप से मुक्त कर दिया जाएगा।** आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी जो कहते हैं, वो करके दिखाते हैं। राहुल गांधी कहते थे कि जम्मू-कश्मीर से धारा 370 हटी तो, वहां खून की नदियां बह जाएंगी। खून की नदियां तो छोड़िए, आज किसी की कंकड़ चलाने की भी हिम्मत नहीं है। यह परिवर्तन आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने करके दिखाया है।

श्री शाह ने कहा कि **अरविंद केजरीवाल ने जितने भी वादे किए वो सभी झूठे साबित हुए है**, **आम आदमी पार्टी एक धोखेबाज़ पार्टी है, वही भारतीय जनता पार्टी और आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी** "**जो कहते हैं, वो करते हैं।**" बारिश, ठंड और धूप में 550 वर्षों से राम लला टेंट में थे, भाजपा ने अयोध्या में भव्य राम मंदिर बनाने का वादा किया था। **आदरणीय प्रधानमंत्री जी ने 70 वर्षों से अटके केस को भी जीता और भव्य राम मंदिर बनवाकर रामलला की प्राण प्रतिष्ठा भी करा दी**। केजरीवाल कहते थे कि मंदिर बनाने की जरूरत क्या है टॉयलेट बनाइये, लेकिन उन्होंने तो टॉयलेट भी नहीं बनाए। भारतीय जनता पार्टी ने भव्य मंदिर तो बनाया ही साथ ही गरीबों को 13 करोड़ शौचालय भी बना कर दिए। **महिलाएं एक बार दिल्ली में भाजपा की सरकार बना दे तो हर महीने 5 तारीख से पहले उनके अकाउंट में 2500 रुपये भेज दिए जाएंगे। गर्भवती माताओं को 21 हजार रुपये की सहायता राशि और 6 पोषण किट प्रदान की जाएंगी, 500 रुपये में गैस सिलेंडर उपलब्ध कराया जाएगा और होली-दिवाली पर अतिरिक्त 2 मुफ्त सिलेंडर भी दिए जाएंगे**। दिल्ली के हर व्यक्ति को 10 लाख रुपये तक मुफ्त इलाज उपलब्ध कराया जाएगा। **वृद्धावस्था पेंशन को बढ़ाकर 2500 रुपये मासिक किया जाएगा, विधवाओं और बेसहारा महिलाओं की पेंशन को 2500 रुपये से बढ़ाकर 3000 रुपये प्रति माह किया जाएगा।** जेजे क्लस्टर में रहने वालों के लिए अटल कैंटीन के माध्यम से 5 रुपये में पूरी थाली दी जाएगी।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि **भाजपा 1,700 से अधिक अनाधिकृत कॉलोनियों को मालिकाना हक देगी**, दिल्ली की 13,000 सील की गई दुकानों को दोबारा खोला जायेगा, ऑटोचालकों और टैक्सी चालकों को 10 लाख रुपये का स्वास्थ्य बीमा और 5 लाख रुपये का दुर्घटना बीमा दिया जाएगा। **पाकिस्तान और जम्मू से आए शरणार्थियों को, वो जहां भी रह रहे हैं वहीं उन्हें जमीन का मालिकाना हक दिया जाएगा**। आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने घोषणा की है कि जितने भी गिग वर्कर हैं, सबका मुफ्त इलाज किया जाएगा। **50 हजार सरकारी नौकरियां दिल्ली के युवाओं को दी जाएंगी और इसमें कोई घूस नहीं देनी होगी**, 20 लाख स्वरोजगार के अवसर बनाए जाएंगे। दिल्ली, हरियाणा और उत्तरप्रदेश को मिलाकर महाभारत सर्किट बनाया जाएगा। **बीते 10 वर्षों में आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के शासन में जिन प्रदेशों में डबल इंजन की सरकार बनी, वो सब विकास की रफ्तार में बहुत आगे निकल गए लेकिन केजरीवाल ने दिल्ली को कूड़ादान बनाकर रख दिया**, बारिश में दिल्ली झील में तब्दील हो जाती है और गटर से बीमारियां फैल रही हैं। दिल्ली की जनता एक बार भाजपा को मौका दे तो दिल्ली को 5 वर्षों में दुनिया की सबसे अव्वल राजधानी बनाने का कार्य किया जाएगा। श्री शाह ने जनसभाओं में मुस्तफाबाद से प्रत्याशी श्री मोहन सिंह बिष्ट और करावल नगर से प्रत्याशी श्री कपिल मिश्रा को विजयी बनाकर दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाने की अपील की।

****************************